मूल हिन्दी

भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं.387

24 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए

बिहार में स्मार्ट सिटी योजना

387 # श्री सतीश चंद्र दूबे

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्मार्ट सिटी योजना के तहत बिहार प्रदेश के किन-किन शहरों को चिह्नित किया गया है;

(ख) वर्ष 2015 से अब तक इन शहरों को स्मार्ट सिटी योजना के तहत कितनी राशि मुहैया कराई गई है: और

(ग) अभी तक इन सभी शहरों में क्या कार्य किया गया है, तत्संबंधी वर्ष-वार एवं जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क) से (ग): भारत सरकार ने दिनांक 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) शुरू किया। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 दौर के माध्यम से 100 स्मार्ट सिटीज का चयन किया गया है। बिहार में, भागलपुर, बिहार शरीफ, मुजफ्फरपुर और पटना के शहरों को स्मार्ट सिटीज के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया है। किये गये कार्यों का वर्षवार एवं जिलावार ब्यौरा नहीं रखा जाता है। तथापि, बिहार में परियोजनाओं की स्थिति और स्मार्ट सिटीज के लिए जारी निधियां नीचे दी गई है:

(राशि करोड़ रूपए में)

स्मार्ट सिटी	एसपीवी को जारी की गई निधियां	उसका उपयोग	जारी परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं		कुल	
			परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि
भागलपुर	686.00	630.27	11	687.16	14	842.32	25	1529.48
बिहार शरीफ	392.00	320.61	10	718.44	41	705.80	51	1424.24
मुजफ्फरपुर	566.00	543.90	16	964.31	12	220.78	28	1185.09
पटना	488.50	405.93	14	659.03	25	1020.45	39	1679.48
बिहार	**2,132.5**	**1,900.71**	**51**	**3,028.94**	**92**	**2,789.35**	**143**	**5,818.29**

(स्रोत: 7 जुलाई 2023 तक एससीएम भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (जीएमआईएस))

***